फर्द अहकाम
अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर
मोनिका देवी पत्नी मुन्नीराम बनाम सुजाराम पुत्र मिसराराम वगैराह
किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 90–ए राज0 भू राजस्व अधिनियम अपील संख्या 48/2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28-11-2024	पत्रावली अपीलान्ट एवं अपीलान्ट की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता द्वारा आज दिनांक 28.11.2024 को एक प्रार्थना पत्र वास्ते मिसल तलब करने हेतु एवं अन्य प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 23 नियम 01 सपठित धारा 151 सीपीसी का प्रस्तुत किये जाने पर आज सुनवाई हेतु ली गई। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता द्वारा अन्तर्गत आदेश 23 नियम 01 सपठित धारा 151 सीपीसी के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में यह निवेदन किया कि उपरोक्त विचाराधीन अपील बाबत अपीलार्थी एवं अप्रार्थी के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है तथा अपीलार्थी इस अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। अतः उक्त राजीनामें के आधार पर लोक अदालत की भावना से अपील का निस्तारण फरमाया जाकर अपील को विड्रो किये जाने का आदेश प्रदान करावें। अपीलान्ट की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो पर मनन किया गया। उपरोक्त विचाराधीन अपील बाबत अपीलार्थी एवं अप्रार्थी के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। ऐसे में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 28.11.2024 को स्वीकार किया जाकर इस अपील को और विचाराधीन नहीं रखते हुए तथा अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावें। संभागीय आयुक्त जोधपुर	

न्यायालय सम्भागीय आयुक्त ★ जोधपुर ★